हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 नवंबर 2026

11 उपायुक्त कार्यालय के बाहर मनेगी किसानों की दीवाली



12 पराली जलाने पर फतेहाबाद में 3 किसानों पर एफआईआर



खबर संक्षेप

सास की गला दबाकर हत्या करने के आरोप में पुत्रवधू गिरफ्तार

फतेहाबाद। फतेहाबाद जिले के टोहाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव पिरथला में बुजुर्ग महिला की संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर लिया है। थाना सदर टोहाना पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए अपनी ही सास की गला दबाकर हत्या करने के आरोप में आरोपी पुत्रवधू को गिरफ्तार किया है।

पिस्तौल बरामदगी में दूसरे आरोपी को जेल भेजा

फतेहाबाद। थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने अवैध पिस्तौल बरामदगी से जुड़े मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कृष्ण उर्फ केसर पुत्र धर्मबीर निवासी गांव बड़ोपल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

बाइक चोरी का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

फतेहाबाद। टोहाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ टेका पुत्र कृष्ण उर्फ कोटू निवासी गांव कन्हड़ी, तहसील टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि जींद के गांव जुलेहड़ा निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी बाइक चोरी हो गई है।

एक दिन पहले रेट बढने के बावजूद सॉलिड गोल्ड और लाइट वेट सिक्कों की मांग

धनतेरस आज, शाम 06:02 बजे से 07:57 बजे तक पूजा फलदायी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाने वाला धनतेरस इस वर्ष आज शुक्रवार, 6 नवम्बर को मनाया जाएगा। यह दिन धन, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य का प्रतीक माना जाता है। इसी दिन से पांच दिवसीय दीपावली उत्सव की शुरुआत होती है। इस दिन भगवान धन्वंतरि, देवी लक्ष्मी और भगवान कुबेर की विशेष पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत कलश और औषधियों के साथ प्रकट हुए थे। इसीलिए उन्हें आयुर्वेद के जनक और आरोग्य के देवता कहा जाता है। शहर के प्रमुख ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शर्मा के अनुसार इस धनतेरस पर पूजा का शुभ मुहूर्त आज शाम 06:02 बजे से 07:57 बजे तक तक होगा। यह समय अधिकांश पांडितों द्वारा पूजा के लिए शुभ माना गया है। उन्होंने बताया कि धनतेरस पर धन्वंतरि की पूजा का महत्व केवल सोना-चांदी या वस्तुएं खरीदने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि स्वास्थ्य ही सच्चा धन है। एक स्वस्थ शरीर ही व्यक्ति को परिश्रम, कमाई और सुखपूर्वक जीवन जीने में सक्षम बनाता है।



फतेहाबाद। खरीददारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़। *फोटो: हरिभूमि*

धनतेरस पर प्रदोष काल का महत्व



पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि धनतेरस पर प्रदोष काल शाम 5 बजकर 33 मिनट से रात 8 बजकर 09 मिनट तक रहेगा। वृषभ लग्न शाम 6 बजकर 2 मिनट से 7 बजकर 57 मिनट तक रहेगा। यह समय विशेष शुभ माना जाता है प्रदोष काल सूर्यास्त के लगभग 20 मिनट बाद से लेकर 1 घंटे 30 मिनट तक की अवधि को कहा जाता है। यह समय सूर्यास्त और रात्रि के आरंभ के बीच आता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, यह काल देवताओं की आराधना और पूजन के लिए सबसे उत्तम माना गया है। धनतेरस को भगवान धन्वंतरि, मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और कुबेर देव की पूजा का दिन माना जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शर्मा के अनुसार प्रदोष काल में की गई धनतेरस पूजा से आरोग्य, समृद्धि और धन-लाभ के योग कई गुना बढ़ जाते हैं।

यह रहेगी पूजा की विधि

प्रदोष काल सूर्यास्त के बाद का समय पूजा का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त माना गया है। पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि पूजा स्थल पर लाल या पीले वस्त्र का आसन बिछाकर भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। दीपक जलाने से पहले नीचे चावल या नया धान रखें। तांबे के कलश में जल भरकर उसे पूजा स्थल पर रखें और उसी जल से देवताओं का आचमन कराएं। भगवान धन्वंतरि के साथ मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और कुबेर देव की भी पूजा करें। रोली, हल्दी, चावल, पुष्प, पान, श्रीफल और नैवेद्य अर्पित करें। परिवार की आरोग्यता, समृद्धि और दीर्घायु की प्रार्थना करें।

आज खुले रहेंगे तहसील व उप-तहसील कार्यालय

जिला राजस्व अधिकारी श्यामलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि 6 नवम्बर शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर वसीका पंजीकरण का कार्य समस्त तहसीलों व उप तहसीलों में किया जाना है। इसी उद्देश्य के लिए धनतेरस के अवसर पर वसीका पंजीकरण के कार्य हेतु जिला फतेहाबाद की समस्त तहसील व उप तहसील कार्यालय रोजाना (कार्य दिवस) की भांति खुले रहेंगे।

मूर्तियां और सिक्के डिमांड में

धनतेरस और दीपावली का त्योहारी मौसम आते ही बाजारों में खासकर ज्वैलर्स के शोरूम और दुकानों पर लोगों की भीड़ बढने लगी है। इस बार मूर्तियां और सोने-चांदी के सिक्के लाइट वेट में डिमांड में हैं। इसके साथ ही इस बार गोल्ड महंगा होने की वजह से लोग गोल्ड के सिक्कों के बजाय 24 कैरेट के सोलिड गोल्ड खरीद रहे हैं। मूर्तियों में एमरोल्ड के आइटम 999 शुद्धता के अधिक बिक रहे हैं। ग्राहक इन दिनों चांदी की लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं और सोने-चांदी के सिक्के पहले से ही बुक करवा रहे हैं ताकि धनतेरस के शुभ दिन पर उन्हें समय पर ऑर्डर मिल सकें। विशाल ज्वैलस के मालिक भीमसैन असीजा ने बताया कि इस बार पिछले साल की तुलना में बुकिंग में वृद्धि हुई है। इनमें हैंडमेड और मशीन फिनिश दोनों तरह की मूर्तियां शामिल हैं। उइसके अलावा सोने और चांदी के सिक्के काफी बुक हुए हैं। चांदी के सिक्के 2 हजार रुपए से शुरू होकर 15 हजार तक के हैं। वहीं चांदी की मूर्तियां 10 हजार रुपए से 1 लाख रुपए तक की हैं। सोने की मूर्तियां 30 हजार से 2 लाख रुपए तक कीमत की उपलब्ध है।

आभूषण, बर्तन, वाहनों की बढ़ेगी खरीदारी

इस वर्ष धनतेरस पर प्रदोष काल और वृषभ लग्न के संयोग से यह दिन पूजा और खरीदारी दोनों के लिए अत्यंत शुभ रहेगा। इस दिन लोग सोना, चांदी, बर्तन, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और पूजन सामग्री खरीदी को देखते बाजार सज गए हैं। बाजारों में दीपावली की रौनक छाने लगी है। सोने-चांदी की दुकानों, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक शोरूमों में फेस्टिव ऑफर और छूट आकर्षण का केंद्र हैं।

बाजारों में रखें सामान और नकदी का ध्यान : एसपी

फतेहाबाद। धनतेरस के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने जिलावासियों को शुभकामनाएं दी हैं और उनके सुख, समृद्धि व खुशहाल जीवन की कामना की है। उन्होंने कहा कि धनतेरस का पर्व खुशियों और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। त्योहार के मौके पर बाजारों में भारी भीड़ और लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है, ऐसे में प्रत्येक नागरिक को उत्साह के साथ-साथ अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के प्रति भी पूरी तरह सजग रहना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि धनतेरस पर आभूषण, बर्तन और अन्य कीमती सामान की खरीदारी करते समय सामान और नकदी का ध्यान रखे।

दीपावली पर्व को लेकर सिरसा में सुरक्षा में तैनात रहेंगे 600 से अधिक पुलिस कर्मचारी : एसपी

सिरसा। पुलिस ने दीपावली पर्व को लेकर कमर कस ली है। धनतेरस से लेकर भाई दूज तक जिलेभर में सुरक्षा का कड़ा पहरा रहेगा। इस दौरान 600 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने गुरुवार को कहा कि त्योहारों की आड़ में माहौल बिगाडने या आपराधिक वारदात को अंजाम देने की कोशिश करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। एसपी ने बताया कि धनतेरस की खरीदारी के चलते बाजारों में लोगों की भीड़ बढने लगी है। इसे देखते हुए पूरे जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रमुख बाजारों, चौराहों और मुख्य मार्गों पर नाके लगाए गए हैं, जहां पुलिसकर्मी वाहनों की जांच करेंगे। बाजारों में पीसीआर राइडर, पैदल गश्त पार्टियां और क्यूआरटी टीमें लगातार निगरानी रखेंगी। महिलाओं की अधिक आवाजाही वाले बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस की विशेष गश्त टीमें तैनात रहेंगी, ताकि छेड़छाड़, जेबकटी और अन्य वारदातों पर तुरंत अंकुश लगाया जा सके। एसपी ने बताया कि भीड़ का फायदा उठाकर वारदात करने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मियों की विशेष टीमें तैनात की गई हैं।

ग्रीन पटाखों को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर रहेगा प्रतिबंध

सिरसा। सर्दी के मौसम में बढ़ते वायु प्रदूषण और लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सिरसा में पटाखों के निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए 8 नवंबर से 31 जनवरी 2027 तक ग्रीन पटाखों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163, विस्फोटक अधिनियम 1884 व विस्फोटक नियमों के तहत व अन्य प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 08 नवंबर से 31 जनवरी 2027 तक यह प्रतिबंध लगाया है। दिवाली, गुरुपर्व, क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या जैसे विशेष अवसरों पर ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति होगी, लेकिन केवल सीमित समय के लिए। इस दौरान ग्रीन पटाखों को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोडने एवं उपयोग पर तथा आतिशबाजी में बेरियम सॉल्ट के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है, क्योंकि इससे वायु/ध्वनि प्रदूषण एवं ठोस कचरे की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है।

नशा तस्कर की गाड़ी सीज

सिरसा। पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए एक तस्कर की इनोवा कार को सीज किया है। आरोपी तस्कर के खिलाफ हरियाणा के अलावा पंजाब में भी नशा तस्करी के केस दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार सीज की गई कार की कीमत 15 लाख रुपये आकी गई है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने गुरुवार को बताया कि रानियां थाना पुलिस ने आरोपी की संपत्ति का पूरा रिकॉर्ड जुटाकर सक्षम प्राधिकारी एवं राजस्व विभाग, दिल्ली को भेजा था। इसके बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों के नाम दर्ज संपत्तियों को फ्रीज करने के आदेश जारी किए गए हैं। संबंधित विभागों को नोटिस भी भेज दिए गए हैं। अब इन संपत्तियों को बेचना या किसी अन्य के नाम हस्तांतरित करना संभव नहीं होगा। एसपी ने बताया कि दविंदर के खिलाफ सिरसा जिले के रानियां थाना में 56 किलोग्राम चूरा पोस्त तस्करी का मामला दर्ज हुआ था। इसके अलावा पंजाब के बठिंडा जिले के संगत थाना में अफीम तस्करी का मामला भी दर्ज है। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि नशा तस्करी से अर्जित चल-अचल संपत्ति का पूरा ब्यौरा जुटाएं। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पुलिस ने रोडमैप तैयार किया है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और नशे की काली कमाई पर कानून का शिकंजा लगातार कसा जाएगा।



दीपावली स्पेशल

हरिभूमि बालभूमि
haribhoomi.com

रोहतक, शुक्रवार, 6 नवंबर 2026

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

सेलिब्रेशन

बच्चो, दो दिन बाद दीवाली है। दीवाली सेलिब्रेशन की तुमने पूरी प्लानिंग कर ली होगी। तुम्हारी ही तरह चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दीवाली खूब मन से सेलिब्रेट करते हैं। यहां टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं, अपनी दीवाली सेलिब्रेशन की प्लानिंग। साथ ही एक स्वीट मेमोरी के बारे में भी बता रहे हैं।

दीवाली सबकी खुशियों वाली



प्यार और रोशनी से भरें अपने जीवन कोः हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में हरिति जोशी तारा का रोल निभा रही है। इस रोल में दर्शक उसे खूब पसंद कर रहे हैं। दीवाली का त्योहार हरिति को बहुत पसंद है। वह इस दिन को किस तरह सेलिब्रेट करती है, इस बार दीवाली को लेकर उसकी क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'मैं दीवाली अपने परिवार के साथ दीये जलाकर, मिठाइयां बांटकर, खूब सारी मस्ती के साथ मनाती हूं। इस बार भी घर को सजाने और सबके साथ खुशियां बांटने की स्पेशल तैयारी है।' हरिति को अपने परिवार के साथ दीवाली सेलिब्रेट करना बहुत अच्छा लगता है। वह बताती है, 'मेरी सबसे मेमोरेबल दीवाली वह होती है, जब मैं इसे पूरी फैमिली के साथ मिलकर सेलिब्रेट करती हूं। हम साथ मिलकर दीये जलाते हैं, पटाखे छुड़ाते हैं, ढेर सारी फोटोज खींचते हैं, खूब एंज्वॉय करते हैं।' दीवाली पर हरिति कुछ ऐसा जरूर करना चाहती है, जिससे दूसरों को भी दीवाली की खुशी मिल सके। वह बताती है, 'इस दिन मैं जरूरतमंद लोगों की मदद करके, उनके साथ मिठाइयां बांटकर और उनके चेहरों पर मुस्कान लाकर दीवाली की खुशियां बांटना चाहती हूं।' बालभूमि के पाठकों के लिए हरिति का मैसेज है, 'सभी दोस्तों को मेरी तरफ से हैप्पी दीवाली!'*

सबके चेहरे पर होनी चाहिए स्माइलः भूमि रामोला



इन दिनों भूमि रामोला, सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली के किरदार में दिख रही है। दीवाली का नाम सुनते ही वह उत्साह से भर उठती है। चहकते हुए भूमि बताती है, 'मुझे दीवाली का त्योहार बहुत पसंद है। घर में लाइट्स लगाना, दीये सजाना और रंगोली बनाना, ये सब करना मुझे बहुत भाता है। हर बार की तरह इस बार भी दीवाली पर मैं मम्मी-पापा के साथ मिलकर घर सजाऊंगी और पूजा करूंगी। मुझे बहुत अच्छा लगता है, जब दीवाली पर पूरा घर लाइट्स से चमकता है। हम सब परिवार के लोग साथ में होते हैं।' भूमि दीवाली से जुड़ा एक मेमोरेबल इंसिडेंट भी बताती है, 'एक बार दीवाली पर मैंने आग में पटाखा-गन वाली गोली डाल दी थी। एक आवाज के साथ आग एकाएक तेज से जली। इस आग में मेरा लहंगा जल गया। उस दिन मुझे समझ में आ गया कि पटाखों का गलत इस्तेमाल कितना खतरनाक हो सकता है। अब मैं दीवाली पर पटाखे नहीं जलाती। अब मुझे दीये सजाना, घर डेकोरेट करना और परिवार के साथ पूजा करना ज्यादा अच्छा लगता है।' हम सबको दीवाली पर ऐसा कुछ खास क्या करना चाहिए, जिससे दूसरों के घरों में भी खुशियों का उजाला फैले? पूछने पर भूमि बताती है, 'मुझे अपनी चीजें दूसरों के साथ शेयर करना अच्छा लगता है।



अगर मैं किसी की मदद कर सकूं या किसी को हंसा सकूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है। मुझे लगता है कि दीवाली पर सबके चेहरे पर स्माइल होनी चाहिए, सबके साथ खुशियां बांटनी चाहिए!' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए भूमि का मैसेज है, 'दीवाली पर खूब मस्ती करें, मिठाइयां खाएं और अपने परिवार के साथ खुशियां मनाएं। लेकिन पटाखे न जलाएं, क्योंकि उनसे एनिमल्स डर जाते हैं और पॉल्यूशन भी फैलता है। दीवाली पर आप खूब सारे दीये सजाएं, सबके साथ खुशियां बांटें और हमेशा खुश रहें, यही विशेज है! हैप्पी दीपावली!'*

जरूरतमंदों की करें मदद-बांटें खुशियांः सुभाष सिंह



सोनी सब के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में भीम का किरदार निभा रहें सुभाष सिंह को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। वह दीवाली सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'मैं यह त्योहार अपने परिवार के साथ बहुत खुशी से मनाता हूं। हम घर की साफ-सफाई करते हैं, शाम को रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, मां लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा करते हैं।' दीवाली से रिलेटेड किसी स्पेशल मेमोरी के बारे में पूछने पर सुभाष बताता है, 'मेरे लिए तो दीवाली से जुड़ी हर मेमोरी स्पेशल होती है। फैमिली मेंबर्स के साथ मिलकर घर सजाना, रंगोली बनाना और पूजा करना, ये सब मेरे लिए मेमोरेबल मोमेंट्स होते हैं। जब पूरा घर दीयों की रोशनी से जगमगा उठता है, सबके चेहरों पर मुस्कान होती है, तो वह पल मेरे लिए बहुत खास होता है।' दीवाली खुशियां मनाने के साथ-साथ खुशियां बांटने का भी पर्व है। इसके लिए सुभाष क्या करता है, वह बताता हैं, 'मेरी कोशिश रहती है कि दीवाली पर जरूरतमंद लोगों की मदद करूं। उनके साथ मिठाइयां और दीवाली से जुड़ी चीजें बांटूं। दीवाली का असली अर्थ सिर्फ अपने घर को रोशन करना नहीं, दूसरों के जीवन में भी खुशियों का उजाला फैलाना है।' दीवाली पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए सुभाष का मैसेज है, 'आप सभी की जिंदगी प्यार, खुशियों और सफलता की रोशनी से जगमगाती रहे। खूब खुशियां बांटिए।'* **प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**



एंज्वॉयमेंट/ शिखर चंद जैन

बच्चो, दीपावली पर हर साल तुम दीये जलाते हो, पटाखे-फुलझड़ियां भी छुड़ाते हो। क्यों न इस बार कुछ अलग तरह से दीपावली सेलिब्रेट करो, कुछ आइडियाज।

कुछ अलग तरीके से इस बार मनाओ दीपावली



बच्चो, दीवाली केवल पटाखे छुड़ाने, मिठाइयां खाने का ही त्योहार नहीं है। यह तो एक ऐसा जगमगाता पर्व है, जो हमारे आस-पास के माहौल को खुशियों से भर सकता है। इसके लिए तुम्हें कुछ नए तरीके से दीपावली मनानी होगी।

सजाओ प्यारे दीयेः दीपावली पर हर बार बाजार से दीये लाकर तुम जलाते ही हो। इस बार बाजार से मिट्टी के सादे दीये लाओ। लेकिन उन्हें अपने हाथों से कलर करो। कुछ दीयों पर छोटे-छोटे स्माइली भी बना सकते हो। जब तुम्हारे हाथों से सजे दीये रोशन होंगे तो तुमको अलग ही खुशी मिलेगी।

प्रेजेंट करो ग्रेटिट्यूड कार्डः दीवाली की रात पूजा के बाद अपने मम्मी-पापा को अपने हाथों से बना एक 'थैंक यू' कार्ड देना। उसमें लिखना कि उन्होंने पूरे साल तुम्हारे लिए जो कुछ किया, उसके लिए तुम उनके प्रति बहुत थैंकफुल हो। यकीनन, यह कार्ड देखकर वे बहुत खुश हो जाएंगे।

नो-साउंड लाइट शोः दीपावली की रात को पटाखे जलाकर शोर-शराबा करने के बजाय, घर की छत या टेरेस पर सभी दोस्त इकट्ठे हो जाओ। सब अपनी-अपनी बनाई रंग-बिरंगी लालटेन या ईको-फ्रेंडली कैंडल्स लाएं। धीमी आवाज में पसंदीदा संगीत चलाएं, गद्दे बिछाकर आसमान के तारों को देखें और जगमग रोशनी के नीचे एक-दूसरे को मजेदार कहानियां या चुटकुले सुनाएं।

बुजुर्ग पड़ोसियों की केयर करोः तुम्हारे पड़ोस में ऐसे कुछ बुजुर्ग दादा-दादी रहते होंगे, जिनके बच्चे बाहर रहते हैं या जो अकेले हैं। दीवाली के दिन कम से कम आधा घंटा उनके घर जाकर बिताओ। उनके पुराने दिनों की दीवाली की कहानियां सुनो, उनके साथ दीये जलाओ और अगर किसी काम में कोई दिक्कत हो रही हो, तो उनकी मदद करो। इससे उन्हें बहुत खुशी मिलेगी, उनकी भी दीपावली हैप्पी हो जाएगी।

बेजुबान जानवरों का रखो ध्यानः पटाखों के धमाकों से कुत्ते, बिल्लियां और पक्षी बहुत ज्यादा डर जाते हैं। इस बार दीवाली पर अपने आस-पास के बेजुबान जानवरों के लिए अपने घर के बाहर पानी का बर्तन रखो और उनके छुपने के लिए कोई सुरक्षित जगह बना सकते हो। दोस्तों को भी समझाओ कि जानवरों के पास पटाखे न चलाएं।*

कविता / दिनेश विजयवर्गीय

फुलझड़ी



दीवाली के दीप जले
फुलझड़ी के फूल खिले
चुन्नू-मुन्नू छोटे बच्चे
बस चलाते फुलझड़ी।
आसमान के तारों सी
फूल खिलाती फुलझड़ी
सब बच्चों का मन मुस्काती
प्रकाश फैलाती फुलझड़ी।
पापा चलाते बम-पटाखे
नहीं चलाते फुलझड़ी
हमसे कहते दूर रहो
बस चलाओ फुलझड़ी।
यहां-वहां घूम-घूम कर
खूब चलाते फुलझड़ी
दादा-दादी खुश हो जाते
जब फूल खिलाती फुलझड़ी।

बूझो तो जानें



1 दो अक्षर का है मेरा नाम,
घर रोशन करना मेरा काम।
देखकर मुझको तम भागे है,
घर-आंगन के भाग जागे हैं।

2 घर-आंगन में सजती है,
जीवन में रंग भरती है,
छटा इसकी निराली है,
मन को खूब लुभाती है।

3 दिखता हूं मैं सीधा-सादा,
पर चलता हूं टेढ़ा-मेढ़ा
धरती से है नाता तोड़ा,
मैंने नभ से नाता जोड़ा।

- नलिन खोईवाल



उत्तर: 1. दीया, 2. रंगोली, 3. पतंग

जीके क्विज-230

1. एक दिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक किसने बनाया है?
2. भारत के वर्तमान कृषि मंत्री कौन हैं?
3. हाल में ही किसे देश का नया वायुसेना प्रमुख नियुक्त किया गया है?
4. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
5. एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?
6. शांति निकेतन की स्थापना किसने की थी?
7. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
8. कार्तिक पूर्णिमा को किस महान संत की जयंती मनाते हैं?
9. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
10. आग बुझाने के लिए मुख्यत: किस गैस का इस्तेमाल किया जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-230 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-229 का उत्तरः 1.पैरा शूटिंग, 2.गाजियाबाद और वाराणसी, 3.एस. जयशंकर, 4.ग्यानीमीड, 5.कार्बन डाईऑक्साइड, 6.मध्य प्रदेश, 7.खान अब्दुल गफ्फार खान, 8.ह्वांग-हो, 9.रांची, 10.24 अक्टूबर

जीके क्विज-229 का सही उत्तर देने वालेः ईशान-बस्तर, अदिति-दुर्ग, काव्या-जींद, आर्यन-भोपाल, जूही-कटनी, नितिन-कोंडागांव, राघव-जशपुर, प्रीतिमा-रोहतक, अग्रिम-जबलपुर, टीना-जींद, पंखुड़ी-रायपुर, एकाग्र-बिलासपुर, प्रत्यूष-सतना, पूजा-दिल्ली, पाखी-भिलाई, सुमन-रायगढ़




कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

दीवाली की सुबह नितिन के दादा जी को एकाएक बहुत जोर से खांसी शुरू हो गई। उन्हें प्रदूषण के कारण अस्थमा का अटैक हुआ था। घर के सभी लोग दादा जी को लेकर चिंचित हो गए। नितिन ने सिर्फ चिंता ही नहीं की, तुरंत इस समस्या का समाधान पापा को सुझाया। यह सुझाव इतना अच्छा था, दादा जी के लिए दीवाली का बहुत उपयोगी उपहार बना।

दीवाली गिफ्ट



दीवाली की सुबह नितिन की नींद खुली तो वह बिस्तर में लेटे-लेटे आज खरीदे जाने वाले पटाखों के बारे में सोचने लगा। नाश्ता करने के बाद उसे पापा के साथ पटाखे खरीदने बाजार जाना था। तभी नितिन को उसे उसी कमरे में सो रहे दादा जी की खांसी की आवाज सुनाई दी। उन्हें अस्थमा (दमा) की बीमारी है, इसलिए उन्हें अकसर खांसी आया करती है, जो आमतौर पर थोड़ी देर बाद शांत हो जाती है, लेकिन इस बार उनकी खांसी न तो रुकी और न ही कम हुई।

नितिन समझ गया, दादा जी को अस्थमा का दौरा पड़ा है। वह झट बिस्तर से उतरा और मम्मी-पापा के कमरे में जाकर उन्हें दादा जी के खांसने वाली बात बताई। मम्मी-पापा तुरंत दादा जी के पास पहुंचे। वह बहुत ज्यादा खांस रहे थे। पापा ने जल्दी से दादा जी की वह दवा दी, जो ऐसी हालत होने पर देने के लिए डॉक्टर ने कह रखा है। दवा लेने के कुछ देर बाद दादा जी की खांसी काबू में आ गई। वह बिस्तर पर लेट गए।

'प्रदूषण की वजह से पिता जी की ऐसी हालत ही हो जाती है।' पापा बोले।

'दीवाली के कारण इन दिनों बढ़ भी तो गया है न प्रदूषण।' मम्मी बोलीं।

'अभी तो रात तक देखना और कितना बढ़ जाएगा प्रदूषण, जब लोग चलाएंगे पटाखे।' पापा ने कहा तो नितिन बोला, 'पापा, कल स्कूल में विज्ञान के सर प्रदूषण वाला पाठ पढ़ाते हुए बता रहे थे कि एयर प्यूरीफायर लगाने से भी प्रदूषण से बचाव होता है। इसलिए क्यों न घर में एयर प्यूरीफायर लगवा लें। इससे दादा जी को अस्थमा से आराम मिलेगा।'

नितिन की बात सुनकर पापा कुछ पल तक सोचते रहे फिर बोले, 'तुम्हारी बात सही है बेटा, लेकिन एयर प्यूरीफायर कोई दो-चार सौ रुपए का तो आता नहीं, जो तुरंत जाकर खरीद लिया जाए। इस पर तो हजारों रुपए लगते हैं। इसलिए इसे खरीदने के लिए पहले पैसों का प्रबंध करना पड़ेगा।' 'अभी तो दीवाली का ही इतना खर्चा है।' मम्मी कहने लगीं। 'एयर प्यूरीफायर खरीदने की बात तो मेरे दिमाग में भी है, पर इसके लिए पैसा बच ही नहीं पाता। चलो, बाद में खरीद लेंगे कभी।' मजबूरी भरे स्वर में पापा बोले।

पापा की बात सुनकर नितिन कुछ देर तक सोचता रहा जैसे किसी असमंजस में हो। फिर सधी हुई आवाज में बोला,'पापा, आज दीवाली पर मुझे जो पटाखे लेने हैं, अगर वो न लूं तो इससे कुछ पैसे बच सकते हैं न।'

'पर तुम्हारे आठ-नौ सौ रुपए के पटाखे न खरीदने से तो नहीं लिया जा सकता न एयर प्यूरीफायर!' कहते हुए पापा हल्के-से मुस्कुरा पड़े।

'मेरी गुल्लक में भी तो हैं कुछ रुपए!' नितिन हार मानने को तैयार नहीं था।

'लेकिन उसमें भी कितने होंगे बेटू! हजार-डेढ़ हजार से ज्यादा कहां होंगे।' मम्मी बोल उठीं।

बिस्तर पर लेटे हुए दादा जी सारी बातें सुन रहे थे, वह बोले, 'दो-अढ़ाई हजार तो मेरे पास भी निकल आएंगे।' 'मेरे पास तो जो थोड़े-बहुत रुपए थे, सब खर्च हो गए त्योहारों पर!' मम्मी मन मसोस कर बोलीं।

यह सब सुनकर पापा ने कहा, 'लेकिन इतने रुपयों से तो आ नहीं पाएगा एयर प्यूरीफायर। मैं जानता हूं कि पिताजी की सेहत के लिए इसे खरीद लेना चाहिए, पर क्या करें पैसे ना होने की वजह से इसे खरीदना नहीं हो पा रहा है।'

पापा की बात सुनकर नितिन सोच में पड़ गया फिर बोला, 'पापा, खरीद लीजिए न एयर प्यूरीफायर किसी तरह! दादाजी की सेहत की बात है। आप चाहे मेरी ट्यूशन बंद करवा दीजिए।'

पापा ने कुछ सोचा फिर बोले, 'न तो पिताजी से रुपए लेने हैं और न नितिन की गुल्लक खाली करनी है। नितिन की ट्यूशन भी जरूरी है। मैं ऐसा करता हूं कि एयर प्यूरीफायर को किस्तों पर खरीद लेता हूं।'

'बहुत बढ़िया, पापा! पहली किस्त के लिए आप उन रुपयों को मिला लेना, जो मेरे पटाखे न खरीदने से बचेंगे।' नितिन खुशी-खुशी बोला।

'अरे नहीं बेटा, तुम खरीद लेना पटाखे।' पापा मुस्कुरा दिए। 'नहीं पापा, पटाखे चलाकर मैं प्रदूषण को और नहीं बढ़ाना चाहता।' नितिन मजबूत इरादे के साथ बोला। 'ठीक है, जैसी तुम्हारी मर्जी।' पापा बोले।

'शाबाश बेटू, प्रदूषण न बढ़ने पाए, यह तुम्हारी बड़ी अच्छी सोच है!' मम्मी ने नितिन की तरफ प्रशंसा भरी नजरों से देखते हुए कहा।

'तो ठीक है, नाश्ता करके एयर प्यूरीफायर खरीदने चला जाता हूं मैं।' पापा के यह कहते ही नितिन झट से बोला, 'पापा, मैं भी चलूंगा आपके साथ। उसको आज ही घर पर लगवा लेंगे।'

'ठीक है, आज ही लगवा लेंगे।' पापा ने कहा तो नितिन हंसते हुए बोला, 'यह तो दादा जी के लिए स्पेशल दीवाली गिफ्ट होगा!

सुनकर दादा जी, पापा और मम्मी जोरों से हंस पड़े।*

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



दीपों का त्योहार

सजी खुशी की बंदनवार,
आया दीपों का त्योहार!
डरकर भाग गया अंधियारा,
उजियारे ने पाया प्यार।
महानगर-सा दिपदिप करता,
अपना छोटा-सा घर द्वार।
उछल-कूदकर धूम मचाते,
यहां-वहां फुलझड़ी, अनार।
हमें दुकानों पर बुलवाएं,
खील-बताशे बारंबार।
चली गंदगी मुख बिचकाती,
हुई सफाई की जयकार।
नन्हे-नन्हे दीपक बोलें,
अन्यायों को मिलती हार।
आदर्शों को हम अपनाएं,
सभी बड़ों का हो सत्कार।

रंग भरो-214

रंग भरो-214 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





धृष, दिल्ली



ईशांत, दिल्ली



नैतिक, दिल्ली



आन्या, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



रशिका, जांजगीर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

श्वेता-दिल्ली, रचना-दुर्ग, पवन-चंपा, सोनू-जबलपुर, यशी-भोपाल, जतिन-महासमुंद, मनीष-रोहतक, मानसी-भिवानी, चेतना-जांजगीर, राहुल-धमतरी, हरीश-बिलासपुर, कार्तिक-गरियाबंद, अंकिता-करनाल, जितेश-रायपुर, रोहित-बस्तर

रंग भरो 215



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी दीपावली पर रंगोली के पास दीये जला रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप

काली दिवाली मनाने को मजबूर हैं व्यापारीः शर्मा

सिरसा। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि नगर परिषद प्रशासन की भ्रष्ट कार्यप्रणाली और अव्यवस्थाओं के चलते इस बार शहर के व्यापारियों को काली दिवाली मनाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। शर्मा ने जारी बयान में कहा कि शहर की लगभग सभी प्रमुख सडक़ों और बाजारों में जगह-जगह खुदाई किए जाने के कारण आवागमन बुरी तरह बाधित हो गया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोगों के लिए बाजारों तक पहुंचना और खरीदारी करना मुश्किल हो गया है। इसका सीधा असर शहर के व्यापारियों के कारोबार पर पड़ रहा है। दीपावली देश का सबसे बड़ा त्योहार है और व्यापारी पूरे साल इस त्यौहार का इंतजार करते हैं।

जिले में 2,73,513 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गत दिवस तक कुल 2,73,513 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 80,951 मीट्रिक टन, हैफेड ने 1,34,549 मीट्रिक टन तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 58,013 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। वहीं, मंडियों से अब तक कुल 1,87,498 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि धान खरीद प्रक्रिया के तहत अब तक कुल 35,298 किसान लाभान्वित हुए हैं।

पोर्टल की तकनीकी खामियों का करें समाधानः सैलजा

सिरसा। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में धान खरीद पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण किसानों को हो रही परेशानियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार से तत्काल समाधान की मांग की है। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में किसानों की मेहनत से पैदा हुए धान की खरीद प्रक्रिया में तकनीकी बाधाएं सरकार की प्रशासनिक विफलता को उजागर करती हैं। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में लगभग 90.71 लाख क्विंटल धान का पंजीकरण हुआ, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के कारण करीब 33.32 लाख क्विंटल धान का डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सका। यह स्थिति बेहद गंभीर है।

बाल संरक्षण, सुरक्षा को लेकर हुआ कार्यक्रम

सिरसा। बाल संरक्षण एवं जागरूकता अभियान के तहत चाइल्ड वेलफेयर कमेटी सिरसा की ओर से डबवाली क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कमेटी के चेयरमैन डॉ. मदनलाल और सदस्य अनिल ढिढारिया ने सेंट जोसेफ हाई स्कूल डबवाली व कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डबवाली में विद्यार्थियों को बाल संरक्षण एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मदनलाल और अनिल ढिढारिया ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह की रोकथाम, साइबर अपराधों से बचाव तथा नशे के दुष्प्रभावों और इसकी रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सैनिक स्कूल में दाखिले के लिए आवेदन शुरू

सिरसा। सैनिक स्कूल कुंजपुरा, करनाल में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी और नौवीं में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दाखिले के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी दो दिसंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाइट पर किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा ओएमआर आधारित होगी। कक्षा छठी की परीक्षा में गणित के 50 प्रश्न (150 अंक), सामान्य ज्ञान के 25 प्रश्न (50 अंक), भाषा के 25 प्रश्न (50 अंक) और बुद्धिमत्ता के 25 प्रश्न (50 अंक) होंगे। इस प्रकार परीक्षा कुल 125 प्रश्नों और 300 अंकों की होगी।

मुआवजे व नहरी पानी की मांग को लेकर तीसरे दिन भी धरने पर डटे किसान

उपायुक्त कार्यालय के बाहर मनेगी किसानों की दिवाली

3 नवंबर से मिनी सचिवालय के बाहर खुले आसमान के नीचे बैठे अन्नदाता, प्रशासन पर अनदेखी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जहां एक ओर पूरा देश दीपोत्सव के उल्लास, रोशनी और आतिशबाजी की तैयारियों में डूबा है, वहीं फतेहाबाद के मिनी सचिवालय के बाहर हालात बिल्कुल जुदा हैं। बेमौसम बारिश और भयंकर ओलावृष्टि से अपनी पकी-पकाई फसल गंवाने और नहरबंदी से परेशान सैंकड़ों किसान पिछले तीन दिनों से न्याय की आस में डीसी दफ्तर के बाहर खुले आसमान के नीचे धरने पर बैठे हैं। अन्नदाता के जीवन से इस बार खुशियों के रंग गायब हैं, और उन्होंने ऐलान किया है कि इस बार उनकी दीवाली प्रशासनिक उपेक्षा और सरकार की वादाखिलाफी के साये में धरने पर ही मनेगी। गुरुवार को धरने की संयुक्त रूप से अध्यक्षता सतीश बेनीवाल तथा छबीलदास ढाणी छतरिया ने की।

तीसरे दिन धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि 3 नवंबर से किसान कडक़ती ठंड और खुले आसमान के नीचे डीसी दफ्तर के बाहर बैठने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार व जिला प्रशासन उनकी सुध लेने तक नहीं पहुंचा है। ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी धान की फसल को पूरी तरह तबाह कर दिया है और बालियों से दाने झड़ने के बाद केवल पराली बची है। दिवाली-छठ और शादियों के इस सीजन में किसान और मजदूर पूरी तरह आर्थिक रूप से टूट चुके हैं, लेकिन सरकार मुआवजा देने के बजाय उदासीन रवैया अपनाए हुए है। बच्चों के नए कपड़े और त्योहार की खुशियाँ तो दूर, किसानों के सामने परिवार का पेट पालने और कर्ज चुकाने का संकट खड़ा है। ऐसे हालात में अन्नदाता जश्न मनाने की बजाय अपनी गाढ़ी कमाई के मुआवजे और नहरी पानी के लिए सडक़ों पर बैठने को विवश है।



फतेहाबाद। लघु सचिवालय के बाहर पड़ाव डालकर बैठे किसान। फोटो: हरिभूमि

संघर्ष किसी भी स्थिति में धीमा नहीं पड़ेगा

किसानों ने चेतावनी दी है कि सरकार और प्रशासन भले ही त्योहारों की छुट्टियों में व्यस्त हो, लेकिन उनका संघर्ष किसी भी स्थिति में धीमा नहीं पड़ेगा। दीवाली के पावन पर्व पर भी किसान डीसी दफ्तर के बाहर डटे रहकर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। जब तक एक लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा और नहरी पानी का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक किसानों का यह अनिश्चितकालीन पड़ाव इसी प्रकार जारी रहेगा। तीसरे दिन के पड़ाव में विभिन्न किसान संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मजदूर यूनियनों ने भी पहुंचकर अपना समर्थन व्यक्त किया। इस दौरान कैरांवाली के सरपंच रमेश कुमार, पूर्व सरपंच नंदी सिधू, आकाश सिधू, बलवान सिंह पूर्व सरपंच दैयड़, सुरेंद्र गोरखपुर, बेगराज गोदारा पूर्व सरपंच खेड़ी, ओमप्रकाश डिंग, रणधीर जोधकां, मदन लाल कुम्हारिया, भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन से राजेश चौबारा, सुखदीप रंधावा सहित काफी संख्या में किसान, युवा व मजदूर मौजूद रहे।


फतेहाबाद। विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक। फोटो: हरिभूमि

दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

अग्रसेन स्कूल में बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सिरसा रोड स्थित महाराजा अग्रसेन स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल सभा के संरक्षक देवीदयाल तायल ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता अग्रवाल सभा के प्रधान सुभाष गर्ग ने की। महोत्सव के दौरान नन्हें-मुन्ने बच्चों और विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन व अद्भुत जज्बे का शानदार प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि देवीदयाल तायल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा हैं। खेलकूद न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करने की शक्ति भी पैदा करते हैं।

बच्चों को किया प्रेरित

उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीतने वाले कभी हार नहीं मानते और हार मानने वाले कभी जीत नहीं सकते। जीवन में हार-जीत चलती रहती है, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही है जो हार से सीख लेकर और अधिक उत्साह के साथ मैदान में उतरता है। खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। बच्चों के आकर्षक नृत्य और गीतों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक समिति ने सभी विजेता और प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही प्रधानाचार्या किरण चौधरी, खेल प्रशिक्षकों और समस्त स्टाफ की मेहनत की सराहना की।

कंडक्टर की मनमानी से दिव्यांगों में भारी रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

एक तरफ जहां केंद्र व राज्य सरकारें 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा और वित्तीय पेंशन देने के बड़े-बड़े दावे कर रही हैं, वहीं धरातल पर रोडवेज और प्राइवेट बसों के परिचालकों द्वारा दिव्यांगों के साथ बदसलूकी और जबरन टिकट काटने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में 100 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड धारक के साथ फतेहाबाद डिपो की बस में जबरन टिकट काटने का मामला सामने आया है, जिससे दिव्यांग समाज में सरकार और परिवहन प्रशासन के खिलाफ गहरा रोष व्याप्त है। विकलांग अधिकार मंच की फतेहाबाद जिला कमेटी के उपाध्यक्ष पपल कुमार ने अपने साथ हुई आपबीती बताते हुए कहा कि वे स्वयं 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं और सरकार की हिदायतों के अनुसार उनके पास वैध यूडीआईडी कार्ड व विकलांगता प्रमाण पत्र मौजूद है। उन्होंने बताया कि वे 4 नवंबर को सुबह 4 बजे रतिया से चंडीगढ़ जाने के लिए हरियाणा परिवहन फतेहाबाद डिपो की बस में सवार हुए थे। यात्रा के दौरान बस परिचालक ने उनसे जबरन टिकट काटने की बात कही। जब पपल कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए चंडीगढ़ व दिल्ली रूट सहित रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा का स्पष्ट प्रावधान है, तो परिचालक ने अभद्रता करते हुए कहा कि या तो अपना पास जमा करवाओ, वरना टिकट कटेगी।

बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहन मालिकों पर होगी सख्त कार्रवाई, एसपी ने जारी की एडवाइजरी

फतेहाबाद। वाहनों की सही पहचान सुनिश्चित करने, वाहन चोरी की घटनाओं और फर्जी नंबर प्लेटों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट को लेकर वाहन मालिकों के लिए जनहित एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन मालिक अपने दोपहिया, चारपहिया एवं अन्य मोटर वाहनों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना सुनिश्चित करें। बिना निर्धारित एचएसआरपीअथवा नियमों के विपरीत नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम एवं संबंधित नियमों के तहत चालान सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली के तहत वाहनों पर निर्धारित मानकों वाली नंबर प्लेट लगाना आवश्यक है। एचएसआरपी विशेष सुरक्षा तकनीक से तैयार की गई नंबर प्लेट होती है, जिसमें होलोग्राम, लेजर से अंकित विशिष्ट पहचान संख्या तथा छेड़छाड़ रोकने वाली सुरक्षा विशेषताएं होती हैं। इन विशेषताओं से वाहनों की पहचान और पंजीकरण संबंधी विवरणों के सत्यापन में सहायता मिलती है।

न्यूज डायरी

चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो सगे भाई बठिंडा से काबू

सिरसा। खड़ी कारों को निशाना बनाकर उनके शीशे तोडऩे और अंदर रखा कीमती सामान चोरी करने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। एंटी स्टाफ सिरसा की टीम ने इस मामले में गिरोह के दो कुख्यात सदस्यों को पंजाब के बठिंडा से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी सगे भाई हैं और राजस्थान व जम्मू कश्मीर सहित कई क्षेत्रों में करीब एक दर्जन चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया है। डीएसपी मुख्यालय सुखबीर सिंह ने बताया कि बरनाला रोड स्थित अग्रवाल कॉलोनी निवासी विकास कुमार की कार को चोरों ने निशाना बनाया था। पीड़ित कपास मंडी में अपने दोस्त की दुकान पर आया हुआ था। दोपहर करीब तीन बजे जब वह वापस अपनी टोयोटा कार के पास पहुंचा तो गाड़ी का साइड वाला शीशा टूटा हुआ मिला। जांच करने पर कार में रखे 7 लाख 75 हजार रुपये, मोबाइल फोन और जरूरी कागजात गायब मिले।





टूर्नामेंट में सांघी की टीम बनी विजेता

सिरसा। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सिरसा में आयोजित इंटर-पॉलिटेक्निक वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबले में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, सांघी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, नानकपुर को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्यातिथि पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग के अधीक्षण अभियंता विक्रम सिंह मोर ने किया। उल्लेखनीय है कि विक्रम सिंह मोर संस्थान के वर्ष 1998 बैच के पूर्व छात्र हैं और उस समय वॉलीबॉल टीम के कप्तान भी रह चुके हैं। इस अवसर पर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, सिरसा की प्रधानाचार्य मंजू गेरा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना और अनुशासन का संदेश दिया। तीसरे स्थान के लिए राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, सिरसा और राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, नारनौल के बीच मुकाबला हुआ। इस मैच में भी खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में नारनौल की टीम ने जीत हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार जिंदल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मधु लाल, संजीव टूटेजा, बलवीर कंबोज, सुभाष चंद्र, देवेंद्र कुमार, विक्रम सनवाल और मोहित कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ज्वाइंट सेक्रेटरी स्पोर्ट्स टेक्निकल विभाग हरियाणा अवतार सिंह, ऑफिस सुपरिटेंडेंट हरनेक सिंह और इमरान खान ने भी आयोजन में सहयोग दिया।

डीसी ने लघु सचिवालय सभागार में सुनीं शिकायतें

फतेहाबाद। लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी डॉ. विवेक भारती ने नागरिकों की विभिन्न विभागों से संबंधित 17 शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने तथा प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो और प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध करवाना तथा उनकी समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएमसी प्रवीण कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीआरओ संजय चौधरी, एक्सईएन देवेंद्र सिंह, राहुल चहल, एलडीएम लहरीमल, जिला खेल अधिकारी विष्णुदास, रेडक्रॉस सचिव रवि हुड्डा, टीएम रोडवेज सुरेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार विकास कुमार, एएफएससी नरेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

गुरुद्वारा अंगीठा साहिब नथवान में जांच कैंप 8 को

रतिया। श्री गुरु नानक देव महाराज जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब अंगीठा साहिब नथवान में 8 नवंबर को स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए समाजिक कार्यकर्ता हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि गुरूद्वारा साहिब में पिछले कई दिनों से धार्मिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश विदेश से संगत शामिल हो रही है। और इसको ध्यान में रखते हुए संगत की सेवा हेतू निःशुल्क एचबी, कैल्शियम, शूगर, एसजीपीटी, यूरिक एसिड लैब टैस्ट किए जाएंगे जिसमें सिंह लेबोरेट्री की टीम सेवाएं देगी।

हेरोइन तस्कर काबू, पैंट की जेब से हुई बरामद

फतेहाबाद। फतेहाबाद पुलिस ने एक तस्कर को 6.57 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शमशेर सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी गांव हिजरावां कलां, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी उप-निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि एएसआई संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम हांसपुर चौक से रतिया चुंगी की ओर गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की जांच पर तैनात थी। इसी दौरान टीम ने देखा कि एक युवक पुलिस की गाड़ी को अचानक सामने देखकर घबरा गया और पीछे मुडक़र तेज कदमों से भागने का प्रयास करने लगा। उसकी संदिग्ध गतिविधियों और हड़बड़ाहट को देखकर पुलिस टीम ने तुरंत मुस्तैदी दिखाते हुए उसे रोक लिया और पूछताछ शुरू की। इसके बाद नियमानुसार जब युवक की तलाशी ली गई, तो उसकी पैंट की जेब से 6.57 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसे पुलिस ने तुरंत सीलबंद कर अपने कब्जे में ले लिया।

शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल में हुई दीप सजावट स्पर्धा



सिरसा। शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल सिरसा में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंटर-क्लास दीप सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा केजी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगों, डिजाइनों और आकर्षक सजावट के माध्यम से दीप सजाकर अपनी कला एवं कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासक डॉ. हरदीप सिंह, प्रधानाचार्य राकेश धवन और को-ऑर्डिनेटर गुरप्रीत सिंह मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की कला-कौशल की सराहना की। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि भारतीय त्योहार देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के प्रतीक हैं। दीप सजावट जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोडऩे के साथ-साथ पारंपरिक कला एवं हस्तकला के प्रति रुचि विकसित करने में सहायक होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को त्योहारों को केवल उत्सव के रूप में मनाने के बजाय उनके पीछे छिपे सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को समझने तथा उन्हें जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

साइबर ठगी का तीसरा आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

■ एक लाख 23 हजार रुपये से अधिक की ठगी का मामला

ऑनलाइन निवेश के नाम पर अधिक मुनाफे का झांसा देकर आमजन से ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में थाना भूना पुलिस ने एक लाख 23 हजार रुपये से अधिक की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कार्तिक मीणा पुत्र उमराव मीणा निवासी गांव सुरेर, जिला दौसा, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 43 हजार 800 रुपये की नकदी बरामद की है।

थाना भूना के प्रभारी उपनिरीक्षक कंवर सिंह ने बताया कि वार्ड नंबर 10, भूना निवासी नीरज बंसल ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गत 30 जनवरी को टेलीग्राम पर निवेश से जुड़ा एक लिंक आया था, जिसके माध्यम से वह एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गया था। उस ग्रुप में बैठे साइबर ठगों ने कम समय में भारी मुनाफे का लालच देकर उसे निवेश करने के लिए प्रेरित किया। पीड़ित जब उनके झांसे में आ गया, तो ठगों ने प्रॉफिट शेयरिंग, जीएसटी और अकाउंट वेरिफिकेशन के नाम पर अलग-अलग किस्तों में कुल एक लाख 23 हजार 22 रुपये अपने बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है प्रतिभा वूमेन वेलफेयरः ग्रोवर



सिरसा। प्रतिभा वूमेन वैल्फेयर की अध्यक्ष विमला सिंवर के नेतृत्व में गांव मल्लेकां में तीन महीने के ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कोर्स का सफलतापूर्वक समापन किया गया। मुख्य वक्ता सोमा ग्रोवर, डॉ. सुमन व नेचर ब्यूटी फाउंडेशन की अध्यक्ष रुबीना ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं एवं युवतियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवद्धधन किया। मुख्य वक्ता सोमा ग्रोवर ने कहा कि प्रतिभा वूमेन वेलफेयर पिछले कई वर्षों से महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्था द्वारा स्किल डवेलपमेंट, जलजीवन मिशन, जीएलजी एंड एसएचजी समूहों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक, कुशल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

लायंस क्लब फतेहाबाद ने किया सेवा कार्य



फतेहाबाद। दीपावली के पावन अवसर पर आज लायंस क्लब फतेहाबाद की ओर से जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से दो बड़े सेवा प्रोजेक्ट संपन्न किए गए। इस अवसर पर क्लब के प्रधान सीए राजिंदर नारंग के नेतृत्व में दर्जनों सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों को सामग्री वितरित की। क्लब द्वारा आयोजित इन सेवा कार्यों के तहत सेक्टर 3 स्थित विद्यालय परिसर में अक्षर ज्योति प्रोजेक्ट के अंतर्गत बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित की गईं, वहीं सेवा भारती स्कूल, अशोक नगर में मिठास दीपावली की प्रोजेक्ट के तहत बच्चों को मिठाई के डिब्बे बांटे गए। इन दोनों प्रोजेक्ट्स के माध्यम से लगभग 150 से अधिक गरीब और जरूरतमंद बच्चों को लाभान्वित किया गया।

स्पर्धाओं में गांधी विद्या मंदिर छाया

फतेहाबाद। बाल भवन, फतेहाबाद में आयोजित विभिन्न जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में गांधी विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी असाधारण प्रतिभा, रचनात्मकता व कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कई दिनों तक चली इन प्रतियोगिताओं में स्कूल के बच्चों ने कई पुरस्कार अपने नाम किए। कक्षा आठवीं की छात्रा आस्था ने अंग्रेजी सुलेख/लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं से हर्षिता ने दीया मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा नौवीं से अक्षिता ने कलश सजावट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं आठवीं कक्षा के जतिन ने हिंदी लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा दसवीं की नव्या को रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बच्चों की इन उल्लेखनीय उपलब्धियों पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा और उप-प्रधानाचार्य मोनिका शर्मा ने सभी विजेता विद्यार्थियों, प्रतिभागियों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

अभियान 12 नवंबर को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, 19 नवंबर को होगा मॉपअप दिवस

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिले में 4 लाख 87 हजार बच्चों को दी जाएगी एल्बेंडाजोल टैबलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने वीरवार को अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

इस दौरान जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत चलाए जाने वाले अभियान की तैयारियों, व्यवस्थाओं और लक्ष्य को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग करें। विशेष अभियान के तहत एक साल से 19 वर्ष के बच्चों को पेट के कीड़े मारने के लिए एल्बेंडाजोल की गोली दी जाएगी।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करना होगा ताकि शत प्रतिशत बच्चों को दवा दी जा सके।

इसके लिए जिला के सभी सरकारी स्कूल, गैर सरकारी स्कूल, आईटीआई, सरकारी महाविद्यालय, निजी महाविद्यालयों व सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में यह गोली मुफ्त दी जाएगी।


सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी। फोटो: हरिभूमि

अभियान का उद्देश्य बच्चों का शारीरिक विकास करना

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 12 नवंबर को मनाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में लगभग 4 लाख 87 हजार लाभार्थियों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान किसी कारणवश दवा लेने से वंचित रह जाने वाले बच्चों को दवा खिलाने के लिए 19 नवंबर को मॉपअप दिवस आयोजित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पेट के कीड़ों से होने वाली समस्याओं से बचाना तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य और शारीरिक विकास को सुनिश्चित करना है। सिविल सर्जन डॉ. पवन ने बताया कि एल्बेंडाजोल की गोली स्वास्थ्य और पोषण में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, एनीमिया में नियंत्रण, समुदाय में कृमि संक्रमण की व्यापकता में कमी, सीखने की क्षमता और व्यस्क होने पर काम करने की क्षमता में बढ़ोतरी में कारगर है।

खबर संक्षेप

जुआ खेलते 7 आरोपी काबू, 6920 रुपये बरामद

फतेहाबाद। पुलिस ने बीघड़ रोड स्थित हरनाम सिंह कॉलोनी के सामने छापेमारी कर ताश के पत्तों पर पैसों का दांव लगा रहे सात जुआरियों को दबोच लिया। पुलिस ने मौके से 6,920 रुपये की नगद राशि बरामद की है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि हरनाम सिंह कॉलोनी के सामने चारा टाल के पास कुछ व्यक्ति एकत्रित होकर ताश के पत्तों पर रुपये दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर वहां जुआ खेल रहे सातों व्यक्तियों को काबू कर लिया।

छह तोले सोना चोरी करने का आरोपी काबू

फतेहाबाद। फतेहाबाद पुलिस ने पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र स्थित एक मकान से सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल पुत्र कालू, निवासी भाटिया कॉलोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। शिकायत में बताया गया था कि उसने कुछ दिन पहले आरोपी राहुल को अपने मकान की साफ-सफाई के लिए बुलाया था। इसके बाद जब 3 नवंबर को उसने अलमारी की जांच की, तो लॉकर में रखे करीब छह तोले सोने के आभूषण जिनमें अंगूठियां, झुमके, बालियां और कोके शामिल थे, गायब मिले।

63.77 ग्राम हेरोइन नशा तस्कर गिरफ्तार

फतेहाबाद। फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को 63.77 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतपाल निवासी गांव बादलगढ़, रतिया के रूप में हुई है।थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पुलिस चौकी गुरुनानकपुरा के प्रभारी पीएसआई रजत के नेतृत्व में एक पुलिस टीम नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए फतेहाबाद-रतिया रोड क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

पराली जलाने पर फतेहाबाद में 3 किसानों पर एफआईआर, 2 साल तक फसल बेचने पर रोक

जिले में मिले थे पांच मामले, तीनों किसानों के राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री भी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

धान की पराली जलाने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। जिले में पराली जलाने की निगरानी के दौरान आगजनी के पांच मामले सामने आए, जिनमें से तीन मामलों में संबंधित किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इसके साथ ही तीनों किसानों के राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री भी दर्ज की गई है। विभागीय कार्रवाई के तहत इन किसानों को आगामी दो वर्षों तक अपनी फसल बेचने पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, पांच मामलों में से एक मामला आकस्मिक आग लगने का पाया गया, जबकि एक मामला राज्य से बाहर का था। शेष तीन मामलों में पराली जलाने की पुष्टि होने पर संबंधित किसानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। एफआईआर दर्ज किए गए किसानों में बीकर सिंह पुत्र नंद सिंह, रणधीर सिंह पुत्र मोहला और सत्यनारायण पुत्र रुदा राम शामिल हैं। तीनों मामलों में एफआईआर के साथ चालान की कार्रवाई भी की गई है।



फतेहाबाद। खेतों में जलती पराली। (फाइल फोटो)

पराली जलाने से मिट्टी के पोषक तत्व भी होते हैं नष्ट

उप कृषि निदेशक डॉ. विनोद कुमार फोगाट ने बताया कि पराली जलाने का नुकसान केवल वातावरण में फैलने वाले धुएं तक सीमित नहीं है। इससे खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है। आग लगाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। साथ ही नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश और सल्फर जैसे जरूरी पोषक तत्वों को भी नुकसान पहुंचता है। पराली के धुएं से लोगों को सांस संबंधी बीमारियों का खतरा रहता है।

रकबे के हिसाब से 5 से 30 हजार रुपये तक जुर्माना

पराली जलाने पर कार्रवाई के लिए जारी प्रशासनिक आदेशों के तहत जमीन के रकबे के अनुसार जुर्माने का प्रावधान है। इसके अनुसार दो एकड़ तक जमीन पर पराली जलाने पर 5 हजार रुपये, दो से पांच एकड़ तक 10 हजार और पांच एकड़ से अधिक जमीन पर 30 हजार जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा नियमानुसार राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री और अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

पराली जलाने वालों के विरुद्ध एफआईआर जुर्माना व राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री होगी



फतेहाबाद। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं को प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर, जुर्माना एवं राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीसी डॉ. विवेक भारती वीरवार को लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर वायु प्रदूषण नियंत्रण एवं पराली प्रबंधन एवं आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में पराली आगजनी की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए प्रेरित किया जाए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने जिले में अब तक सामने आई तीन आगजनी की घटनाओं की रिपोर्ट लेते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से धान की फसल की कटाई एवं हार्वेस्टिंग की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा शेष रकबे में कटाई के दौरान विशेष निगरानी रखने को कहा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील गांवों एवं क्षेत्रों में नियमित रूप से पेट्रोलिंग की जाए और आगजनी की सूचना मिलते ही संबंधित टीम मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे।

क्रेसंट स्कूल में दीपावली पर छात्रों ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट से बनाई सजावटी सामग्री



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक, कलात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारना, भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति अनुराग उत्पन्न करना तथा उन्हें नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के अंतर्गत मिडिल विंग के विद्यार्थियों के लिए 2 से 6 नवंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने दीपावली विषय पर आकर्षक सॉफ्ट बोर्ड सज्जा प्रतियोगिता में अपनी कलात्मक अभिरुचि का परिचय दिया। कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं से आकर्षक दीपावली सजावटी सामग्री तैयार कर बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की सार्थक अवधारणा को साकार किया। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने दीया एवं थाली सज्जा प्रतियोगिता में अपनी कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं, कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा लघु दीपावली ग्राम शिल्प निर्माण के माध्यम से भारतीय ग्रामीण संस्कृति, पारंपरिक जीवनशैली और उत्सवी परिवेश की सुंदर झलक प्रस्तुत की गई।

■ सांतवी कक्षा के छात्रों ने सजाई दीया व थाली

डीएवी पुलिस स्कूल में विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपावली उत्सव



फतेहाबाद। पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस स्कूल, फतेहाबाद में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा एवं विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना तथा दीपावली के आध्यात्मिक एवं नैतिक महत्त्व से परिचित करवाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा से हुआ। सभा में मंगलमय प्रार्थना एवं सकारात्मक विचारों एवम् भजन के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बनाया गया। विद्यार्थियों को दीपावली के महत्त्व से अवगत कराते हुए अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। साथ ही, विद्यार्थियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सद्भावना एवं सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा तीन एवं चार के विद्यार्थियों ने दीया एवं मोमबत्ती सजाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों ने बंदरवार, हैंगिंग एवं ग्रीटिंग कार्ड निर्माण प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या महिमा तनेजा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास सहयोग एवं नैतिक मूल्यों का विकास करती है।

■ पांचवी के छात्रों ने बनाया बंदरवार

दिवाली से पहले अवैध पटाखों पर पुलिस की रेड

भूना और टोहाना से 6.6 क्विंटल पटाखे बरामद, पांच मामले दर्ज

फतेहाबाद। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर के दिशा-निर्देशन में पुलिस टीमों ने भूना और टोहाना क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए 5 मामलों में कुल 6 क्विंटल 60 किलो 431 ग्राम यानि कुल 660.431 किग्रा अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए जिले भर में अवैध पटाखों के खिलाफ सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी के तहत भूना क्षेत्र में चार अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 16.076 किग्रा, 168.145 किग्रा, 162.500 किग्रा और 206.600 किग्रा पटाखे जब्त किए गए। भूना क्षेत्र से कुल 5 क्विंटल 53 किलो 321 ग्राम पटाखे पकड़े गए। इसके अलावा टोहाना क्षेत्र में से 107 किलो 110 ग्राम अवैध पटाखे बरामद किए गए।

एसपी ने कहा कि बिना किसी वैध लाइसेंस के पटाखों का भंडारण करना कानूनन अपराध है।

सिटी सेंटर का दिवाली मेला अब 7 तक शॉपिंग स्ट्रीट में लड़ियों से सजी 125 दुकानें

■ शॉपिंग स्ट्रीट का अवलोकन करने उमड़ रहे सिरसावासी



सिरसा। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए।

सिरसा। डबवाली रोड पर विकसित की जा रही बहुमंजिला कमर्शियल कम रेजिडेंशियल मार्केट में दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा दिवाली मेला अब 7 नवंबर तक जारी रहेगा। प्रबंधन की ओर से सिरसावासियों के भारी रूझान को देखते हुए इसे दो दिन के लिए बढ़ाया गया है। पहले यह दिवाली मेला 5 नवंबर तक आयोजित किया जाना था। दरअसल, श्रीमत सिटी सेंटर की ओर से दिवाली के उपलक्ष्य में ऐसा भव्य आयोजन किया गया है, जिसमें न केवल शहर से बल्कि गांवों से भी लोग देखने को उमड़ रहे है। करीब 125 दुकानों वाली इस शॉपिंग स्ट्रीट को पूरी तरह विद्युत आधारित लड़ियों से सजाया गया है। आने वालों के मनोरंजन के लिए लाइव म्यूजिकल शो आयोजित किया जा रहा है। बच्चों के मनोरंजन के लिए चिल्ड्रन जोन बनाया गया है। शॉपिंग स्ट्रीट में डोनाल्ड डक और विशालकाय गोरिल्ला बच्चों का मनोरंजन कर रहा है।

